**भारत दुनिया की सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था: लोक सभा अध्यक्ष**

...

**आने वाले समय में कोटा-बूंदी क्षेत्र देश में श्वेत क्रांति का नया केंद्र बनेगा: लोक सभा अध्यक्ष**

...

**देश की महिलाएं उद्यमशीलता, प्रतिभा, क्षमता, कौशल, परिश्रम और देश प्रेम से ओत-प्रोत : लोक सभा अध्यक्ष**

...

**किसानों को सशक्त बनाने का काम सरकार की प्राथमिकता: लोक सभा अध्यक्ष**

...

**कोटा बूंदी क्षेत्र के लोगों को 1500 करोड़ बैंक लोन मिलेगा: केन्द्रीय वित्त मंत्री**

...

**लोक सभा अध्यक्ष ने कोटा शहर में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम को सम्बोधित किया**

...

**कोटा; 8 जनवरी, 2023:** लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज अपने संसदीय क्षेत्र कोटा-बूंदी के कोटा शहर में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम, को सम्बोधित किया।

इस अवसर पर केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण मौजूद रहीं। सभा को सम्बोधित करते हुए श्री बिरला ने सर्वप्रथम वित्त मंत्री जी का स्वागत किया और कोटा पधारने के लिए उनको धन्यवाद् दिया । उन्होंने वित्त मंत्री जी को देश के नौजवानों, महिलाओं, किसानों और पशुपालकों को आत्मनिर्भरता के पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए भी उनका अभिवादन किया।

देश में आर्थिक परिवर्तन के नए युग का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि भारत आज दुनिया की सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था है और ब्रिटेन को पछाड़ कर दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था देश के लोगों के योगदान से लगातार मजबूत हो रही है।

श्री बिरला ने देश के युवा, महिला, किसान, कर्मठ, परिश्रमी लोगों के आर्थिक सशक्तिकरण के सन्दर्भ में कहा कि देश के परिश्रमी लोग आर्थिक रूप से मजबूत होंगे; तो पूरे आर्थिक तंत्र में नई ऊर्जा और ताकत आएगी और देश अधिक सशक्त और समृद्ध बनेगा।

प्रधान मन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी की सरकार द्वारा लाई गई योजनाओं का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि ऋण के माध्यम से अर्थतंत्र में अंतिम व्यक्ति को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया जा सकेगा। अभावग्रस्त और वंचित लोगों के स्वाभिमान और आत्म-सम्मान की भावना का सम्मान करते हुए श्री बिरला ने कहा कि जब आर्थिक रूप से कमज़ोर लोगों को सरकार द्वारा, कम दरों पर ऋण उपलब्ध होगा तो वो सम्मान के साथ अपनी आय को बढ़ा, अपने परिवार की आर्थिक समृद्धि का मार्ग प्रशस्त कर सकेंगे।

देश की महिलाओं के अंदर उद्यमशीलता, प्रतिभा, क्षमता, कौशल, और परिश्रम के विषय में श्री बिरला ने कहा कि, महिलाओं को सरकार द्वारा मिली आर्थिक मदद उनका और सम्पूर्ण समाज का भविष्य संवार सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि कोटा-बूंदी क्षेत्र में पूरे साल खाद, पानी की उपलब्धता है, और जमीन उपजाऊ है जिससे यहां कृषि के साथ पशु पालन भी बड़ी मात्रा में सफल हो सकता है। श्री बिरला ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि पशुपालकों को क्रेडिट कार्ड मिलने से वह अपने पशुओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं कर सकेंगे और किसान अपनी फसल के साथ साथ पशु पालन के माध्यम से भी आय अर्जित कर सकेंगे। श्री बिरला ने आगे कहा कि आने वाले समय में कोटा-बूंदी क्षेत्र देश में श्वेत क्रांति का नया केंद्र बन सकता है।

कृषि क्षेत्र में नए स्टार्टअप्स का उल्लेख करते हुए श्री बिरला ने कहा कि नवाचार और नई तकनीकों के माध्यम से एग्रीकल्चर में प्रोडक्शन बढ़ाना, कम पेस्टिसाइड्स का उपयोग, ऑर्गेनिक खेती, आदि पर कार्य चल रहा है। किसानो को संबल और समर्थन देने के लिए प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लायी गयी योजनाओं के सन्दर्भ में श्री बिरला ने कहा कि किसानों को सशक्त बनाने का काम सरकार की प्राथमिकता है। खेतीबाड़ी में अधिक तकनीक के उपयोग पर ज़ोर देते हुए श्री बिरला ने कहा कि पशु किसान क्रेडिट कार्ड योजना का उद्देश्य पशुपालकों को आत्मनिर्भर एवं प्रगतिशील बनाना है जिससे राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भूमिका और भी ज्यादा बढ़ेगी।

कोटा बूंदी क्षेत्र के लोगों को 1500 करोड़ बैंक लोन मिलेगा: वित्त मंत्री

अपने उद्बोधन में केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने श्री ओम बिरला द्वारा लोक सभा के कुशल संचालन की सराहना की। उन्होंने सभा में एकत्रित सभी लोगों को सूचित किया कि एक नीतिगत निर्णय के तहत बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों ने सुनिश्चित किया कि केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के आधार पर गरीबों और समाज के वंचित वर्गों को ऋण दिया जाए। उन्होंने श्री बिरला द्वारा उनके दायित्वों के कुशल निर्वहन पर उनको बधाई दी और कहा कि श्री बिरला के अथक प्रयासों से कोटा- बूंदी के लोगों को आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण हेतु कई योजनाओं के अंतर्गत 1500 करोड़ रुपये के बैंक लोन मुहैया कराये जायेंगे।